# केन्द्रीय पुस्तकालय

केन्द्रीय पुस्तकालय भा.प्रौ.सं. मण्डी के शैक्षणिक तथा अनुसंधान लक्ष्य के संवर्धन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह ज्ञान सृजन और प्रसार को सरल बनाता है। पुस्तकालय वर्तमान पुस्तकालय सेवाओं (जो अध्यापन, अध्ययन और अनुसंधान की गतिविधियों के साथ एकीकृत हैं) को प्रोत्साहित करता है। पुस्तकालय अध्ययन में उत्कृष्टता को सुविधाजनक बनाता है, उपयुक्त शिक्षण और अनुसंधान वातावरण बनाता है। यह छात्रों के शिक्षण और अनुसंधान सम्बन्धी आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाने के अतिरिक्त आज के परिवर्तित वातावरण की आवश्यक बुनियादी जानकारी प्रदान करता है।

भा.प्रौ.सं. मण्डी का केन्द्रीय पुस्तकालय पुस्तकों, सन्दर्भ पुस्तकों, प्रतिवेदनों, पत्रिकाओं तथा इलैक्ट्रॉनिक संसाधनों के अपने संग्रह का तेजी से विकास कर रहा है। पुस्तकालय में पाठ्य पुस्तक संग्रह चालू स्नातक शिक्षण कार्यक्रम में विशेष सहायक होता है। संगणक विज्ञान अभियांत्रिकी, यांत्रिकी अभियांत्रिकी, विद्युत अभियांत्रिकी, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, अर्थ शास्त्र, दर्शन शास्त्र, मनोविज्ञान और अंग्रेज़ी आदि विभिन्न विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके साथ–साथ स्नातकोत्तर कार्यक्रम का भी विकास किया जा रहा है।

केन्द्रीय पुस्तकालय अनेक ई–आँकड़े आधारित पत्रिकाओं तक पहुँच प्रदान करता है। इसमें गणित, रसायन विज्ञान, भौतिकी, संगणक विज्ञान, विद्युत अभियांत्रिकी, यांत्रिकी और खगोल विज्ञान जैसे विषयों पर सैकड़ों पत्रिका शीर्षक सम्मिलित हैं। केन्द्रीय पुस्तकालय खुले स्रोत पुस्तकालय प्रबन्धन सॉफ्टवेयर कोहा के उपयोग से स्वतः चालित है। सभी दस्तावेज बार कोडित हैं तथा पूर्व व्यापी रूपान्तरण द्वारा सभी संग्रह जो स्वचालन से पहले अधिगृहीत किये गए थे, वे भी केन्द्रीय पुस्तकालय डेटा–बेस में शामिल कर लिए गए हैं। पुस्तकों का लेन–देन भी स्वचालित है। पुस्तकालय की अनेक नवीनतम सेवाओं (सीएएस/एसडीआई, आईएलएल की ऑन लाइन स्थिति, पुस्तकों का ऑन लाइन संरक्षण आदि) को आरम्भ किया गया है। उपभोक्ता अपने उधार की स्थिति का विवरण वैब ओपेक का प्रयोग करके ऑन लाइन जाँच सकते हैं। उपभोक्ताओं की पुस्तकालय संसाधन तक पहुँच के लिए दो कार्यस्थल स्थापित किए गए हैं।

**<u>पुस्तकालय में प्रयुक्त सॉफ्टवेयर</u>**

1. **कोहाः** स्वचालन के लिए।
2. **डीस्पेसः** अंकरूपण के लिए।
3. **ग्रीनस्टोनः** अंकरूपण के लिए।
4. **लाइनक्सः** संचालन प्रणाली के लिए।

## 1. संग्रह विकास और प्रबन्धन

संग्रह करना पुस्तकालय का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्य है। यह छात्रों, प्राध्यापकों, कर्मचारी वर्ग तथा अन्य उपभोक्ताओं के शैक्षिक तथा अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित करता है। पुस्तकालय के संग्रह में पुस्तकें, पत्रिकाएँ, प्रतिवेदन, छोटी पुस्तकें तथा विज्ञान, अभियांत्रिकी, प्रौद्योगिकी, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान जैसी अन्य पठन सामग्री सम्मिलित है।

### 1.1 वर्ष 2016–17 में शामिल किये गये मुद्रित दस्तावेज़

वर्ष 2016–17 में केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा 32 सन्दर्भ पुस्तकों सहित 1960 पुस्तकों का अधिग्रहण किया गया। पुनः प्रकाशित संस्करणों, तकनीकी प्रतिवेदनों तथा दूसरे विश्वविद्यालयों/संस्थानों के वार्षिक प्रतिवेदनों के अतिरिक्त इसमें कुछ आवधिक पत्रिकाएँ भी समायोजित की गई हैं।

पुस्तकों की नई परिवर्धन सूची प्रत्येक सप्ताह जारी की जाती है और उसे पुस्तकालय के मुख–पृष्ठ पर देखा जा सकता है। इस सूची को ई–मेल द्वारा भी परिचालित किया जाता है। अनुरोध करने वाले प्राध्यापक (प्राध्यापकों) को प्रकाशन पहुँचने की सूचना ई–मेल द्वारा भी दी जाती है।

### 1.2 वर्ष 2016–17 में अभिदत्त नये इलैक्ट्रॉनिक संसाधन

केन्द्रीय पुस्तकालय निम्नलिखित ई–संसाधनों पर वैब–आधारित पहुँच प्रदान करता है:

**1.2.1 पूर्ण पाठ्य ई–पत्रिकाएँ:** 10,000 तक पहुँच + निम्नलिखित डेटा–आधारों से पूर्ण पाठ्य पत्रिकाएँ:

एआईपी, एसीएम अंकीय पुस्तकालय, एसीएस, एपीएस, एएसएमई, सैल प्रेस, आईओपी, एल्सवियर विज्ञान डायरैक्ट,

आईईईई इलैक्ट्रॉनिक पुस्तकालय, जेएसटीओआर, एसआईएएम, स्प्रिंगर लिंक, टेलर एण्ड फ्रांसिज (एस और टी पूर्ण संग्रह), प्रकृति वार्षिक समीक्षा आदि।

**1.2.2 बिबलियोग्राफी ई–डेटाबेसिज:** साईफाइंडर, मैथ साईनेट, एससीओपीयूएस और वैब विज्ञान।

**1.2.3 ई–पुस्तकें:** केन्द्रीय पुस्तकालय विभिन्न शाखाओं में 12000 से अधिक ई–पुस्तकों के संग्रह तक पहुँच प्रदान करता है। ई–पुस्तक संग्रह उन शीर्षकों से परिपूर्ण है, जिनकी परिशुद्ध प्रशंसा संस्थान के विषय–विशेषज्ञों द्वारा की गई है तथा उपभोक्ताओं की आवश्यकता की पूर्ति करता है। ई–पुस्तक संग्रह के प्रकाशकों में साईंस–डायरैक्ट (एल्सवियर), मैग्रा हिल्ल, पियरसन, टी और एफ, आईईईई, आईईईई–एमआईटी प्रैस, आईईईई–विले, मोरगेन क्लेपूल, सीयूपी, एएसएमई, वर्ल्ड साईंटिफिक तथा जॉन विले शामिल हैं। ई–पुस्तक संग्रह में गणित (एलएनएम), भौतिकी (एलएनपी) तथा स्प्रिंगर प्रकाशक के संगणक विज्ञान (एलएनसीएस) पर व्याख्यान सम्मिलित है।

इस वर्ष के लिए ई–पुस्तक संग्रह प्रक्रिया का विकास पहले ही आरम्भ हो चुका है। इसके लिए अन्य प्रतिष्ठित प्रकाशन गृहों से पुस्तकें शामिल करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

## 2. परिचालन

परिचालन गतिविधियाँ अब स्वचालित हैं। पुस्तकालय उपभोक्ता वैब ओपेक के उपयोग से अपने उधार सम्बन्धी विवरण की जाँच कर सकते हैं। हम उपभोक्ता प्राध्यापकों, अनुसंधान विद्वानों, छात्रों तथा कर्मचारी वर्ग की सेवा करते हैं। परिचालन डेस्क सप्ताह में 70 घण्टे खुला रहता है। औसतन मासिक परिचालन लेन–देन की संख्या लगभग 1700 है।

## 3. अंकीय पुस्तकालय

केन्द्रीय पुस्तकालय का अपना एक मुख–पृष्ठ (http://www.iitmandi.ac.in/academics/lib) है, जो अपने स्त्रोतों के लिए 10,000 से अधिक इलैक्ट्रॉनिक पत्रिकाओं और डैटाबेस से वैब आधारित पहुँच प्रदान करता है। संस्थानात्मक प्रकाशन भण्डार का आरम्भ हाल ही में किया गया है, जो भा.प्रौ.सं. के समुदाय को तर्कसंगत ज्ञान प्रदान करता है। पुस्तकालय संस्थान के नेटवर्क का बड़ा भाग है तथा उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसमें पर्याप्त संगणनात्मक ढांचा विद्यमान है।

## 4. ओपेक (ऑन–लाइन पब्लिक एक्सेस सूची)

ओपेक, पुस्तकालय का अत्यधिक उपयोग किया जाने वाला डेटाबेस है तथा वैब मुख–पृष्ठ (http://www.webopac.iitmandi.ac.in/) के माध्यम से हर समय इस पर पहुँचा जा सकता है। पुस्तकालय में उपलब्ध सभी दस्तावेजों की सूची के अतिरिक्त, यह ऑन–लाइन नवीकरण एवम् आरक्षण, परिचालन की अनुमति देता है तथा प्रत्येक पुस्तक की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाता है। ओपेक को लेखक, शीर्षक, अभिगमन संख्या, विषय तथा अन्य क्षेत्रों द्वारा तलाश किया जा सकता है।

## 5. प्रदत्त सेवाएँ

- पूर्णतया स्वचालित परिचालन।
- ऑन–लाइन पुस्तक आरक्षण, सूचना खोज, उपयोगकर्त्ता पुस्तकालय पुस्तक उधार स्थिति की जाँच।
- वैब ओपेक (वैब आधारित ऑनलाइन जन पहुँच सूची)।
- छात्रों के आंतरिक अध्ययन के लिए आरक्षित संग्रह विकास।
- पुस्तक अनुभाग में नई पहुँच।
- सन्दर्भ सेवा।
- अन्तर पुस्तकालय ऋण।
- दस्तावेज़ वितरण सेवा।
- चेतावनी सूचना सेवाएँ।
- ई–पत्रिकाएँ / सूचनाएँ।
- अंक आधारित पुस्तकालय सेवाएँ।
- अंकीय पुस्तकालय सेवाएँ।
- उपभोक्ता शिक्षण कार्यक्रम।
- मोबाइल एप्प सेवाएँ।

## 6. आगामी योजनाएँ:

- पुस्तकालय पुस्तकों की विषय सूची के लिए आधारभूत आँकड़े।
- संस्थानात्मक भण्डार के लिए आधारभूत आँकड़े।
- पुस्तकालय में सीडी / डीवीडी सहित उपलब्ध विभिन्न सॉफ्टवेयर के आधारभूत आँकड़े।
- एकल खोज समाधान।
- विभिन्न पुस्तकालय संसाधनों के लिए ऑनलाइन सुझाव प्लेटफोरम।